**Regarding need to formulate a scheme for utilization of vacant land under Bhilai Steel Plant-Laid**

श्री विजय बघेल **(दुर्ग) :** मेरे लोकसभा क्षेत्र दुर्ग (छत्तीसगढ़) में भारत का सबसे ख्याति प्राप्त भिलाई इस्पात संयंत्र स्थित है । भिलाई इस्पात सयंत्र के द्वारा अपने कर्मचारियों के लिये उच्च स्तरीय सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से अनके सेक्टर स्थापित किये गये तथा प्रत्येक सेक्टर में आवासीय मकान, खेल-कूद के लिये मैदान, स्कूल, बाजार, पार्क, मनोरंजन क्षेत्र स्थापित किये गये । वर्तमान में भिलाई इस्पात संयंत्र से बहुत से कर्मचारी सेवानिवृत्त हो चुके है जिनके द्वारा आवासीय मकान खाली कर दिये गये है । साथ ही भिलाई में भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों के अलावा संयंत्र के सहायक इकाईयों के कर्मचारी एवं आम जनता निवासरत है । वर्तमान में भिलाई इस्पात संयंत्र के क्षेत्राधिकार के अतंर्गत आवासीय मकान जीर्णावस्था में है । संयंत्र में कर्मचारी कम होने के कारण संयंत्र के अनेक स्कूल बंद कर दिये गये हैं । जिससे संयंत्र की भूमि पर कतिपय अनाधिकृत लोगों द्वारा कब्जा किया जा रहा है । मेरा अनुरोध है कि उक्त संयंत्र के क्षेत्राधिकार में स्थित भूमि को जनसुविधा के विस्तार हेतु उपयोग किये जाने हेतु एक योजना बनायी जानी चाहिये, जिससे की बेशकीमती रिक्त पडी भूमि का सही उपयोग हो सके एवं उन्हें अनाधिकृत लोगों के कब्जे से मुक्त किया जा सके । इस संबंध में आवश्यक योजना के क्रियान्वय की आवश्यकता है ।